# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : digvijayans@gmail.com
: dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक 22.03.2021

## प्रकाशनार्थ

आज दिनाँक 22 मार्च 2021 को दिग्विजयनाथ पी जी कॉलेज गोरखपुर, प्लसमेन्ट सेल एवं मेधा के संयुक्त तत्वाधान में सप्तदिवासीय प्लसमेन्ट ड्राइव के पांचवे दिन महाविद्यालय के छात्रों सहित अन्य महाविद्यालयों के छात्रों हेतु प्लसमेन्ट ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कर्ष स्माल फाइनेंस कंपनी सम्मिलित हुई। इस ड्राइव में कुल 153 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

यह आयोजन दो सत्रों में आयोजित हुआ। प्रथम सत्र में उत्कर्ष स्माल फाइनेंस के जोनल एच.आर श्री रत्नेश मिश्रा ने लिखित परीक्षा एवं एलिमिनेशन राउंड के माध्यम से इंटरव्यू हेतु 40 विद्यार्थियों का चयन किया। द्वितीय सत्र के इंटरव्यू सेशन में उत्कर्ष स्माल फाइनेंस में महाविद्यालय के कुल 17 विद्यार्थी चयनित हुए।

इस आयोजन पर प्लसमेन्ट सेल के प्रभारी डॉ पवन कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह प्लेसमेंट ड्राइव ओपन ड्राइव था, जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा अन्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भी प्रतिभाग किया है। ये हमारे लिए भी प्रसन्नता का पल है की हमारे प्रयास से युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका पूरा श्रेय मेधा की सीनियर कॉउंसेलर श्रीमती स्वाति सिंह और उनकी पूरी टीम को जाता है। उन्हीं के प्रयास से ये आयोजन अपनी सफलता को प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर प्लसमेन्ट सेल की टीम सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

**डॉ. (शैलेश कुमार सिंह)**
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क